प्रादेशिक समाचार
दिनांक–29.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का इस्तीफा राज्यपाल ने किया मंजूर, श्री सोरेन कल भाजपा में होंगे शामिल, कहा– आदिवासियों का अस्तित्व बचाने के लिए जारी रहेगा संघर्ष।**
2. **चंपाई सोरेन की जगह घाटशिला से झामुमो विधायक रामदास सोरेन होंगे हेमंत सोरेन सरकार में नये मंत्री, कल दिन के साढ़े ग्यारह बजे लेंगे शपथ।**
3. **भाजपा जनता से सुझाव लेकर विधानसभा चुनाव का घोषणा पत्र तैयार करेगी, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुरु किया रायशुमारी अभियान।**
4. **लोहरदगा में सात मानव तस्कर गिरफ्तार, 34 लोगों को चंगुल से कराया गया मुक्त।**
5. **राष्ट्रीय खेल दिवस पर झारखंड समेत देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – सरकार युवाओं की खेलों में भागीदारी के लिए प्रतिबद्ध।**

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री रहे चंपाई सोरेन का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। श्री सोरेन कल देर शाम मंत्री पद और झामुमो के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है। श्री सोरेन कल भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होने के बाद वे राज्य में आदिवासियों का अस्तित्व बचाने के लिए मुहिम चलायेंगे। एक सवाल के जवाब में श्री सोरेन ने कहा कि वे बिना शर्त भाजपा में जा रहे हैं। पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेवारी देगी उसे इमानदारी से निभायेंगे।

****

इधर, झामुमो ने घाटशिला से विधायक रामदास सोरेन को मंत्रिमंडल में शामिल करने का फैसला किया है। वे चंपाई सोरेन की जगह लेंगे। मंत्री पद के लिए रामदास सोरेन का नाम राजभवन भेज दिया गया है। रामदास सोरेन कल साढ़े ग्यारह बजे मंत्री पद की शपथ लेंगे। रामदास सोरेन पार्टी में चंपाई सोरेन के बाद कोल्हान के दूसरे सबसे वरिष्ठ नेता हैं। शिबू सोरेन और चंपाई सोरेन के साथ वे भी झारखंड आंदोलन में सक्रिय रहे थे।

****

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की जासूसी कराने के आरोप को सिरे से खारिज किया है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर आरोप लगाया कि राज्य सरकार की छवि धूमिल करने के लिए भाजपा झूठा प्रचार कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी मंत्री की सुरक्षा की निगरानी करना स्पेशल ब्रांच का दायित्व है।

****

भारतीय जनता पार्टी आम लोगों का सुझाव लेकर झारखंड विधानसभा चुनाव के सिलसिले में घोषणा पत्र तैयार करेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज रांची में सुझाव आपके–संकल्प हमारे अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर श्री मरांडी ने कहा कि जन भावनाओं के अनुरुप घोषणा पत्र तैयार करने के लिए जनता से सुझाव मांगे जा रहे हैं।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज अनुबंध आधारित 365 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। रांची में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए राज्य सरकार ने नयी कार्ययोजना तैयार की है।

****

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज करने और उनकी निगरानी के लिए एक ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली शी बाक्स पोर्टल विकसित की है। महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने नई दिल्ली में इसका शुभारंभ किया। इस बारे में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि शी बाक्स पोर्टल से कामकाजी महिलाओं को काफी लाभ होगा।

****

जामताड़ा जिले में युवाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में जिला प्रशासन की ओर से विशेष पहल की जा रही है।

****

लोहरदगा जिले में पुलिस और रेलवे पुलिस ने संयुक्त रुप से अभियान चलाकर सात मानव तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा ने बताया कि तस्करों के चंगुल से 34 मजदूरों को मुक्त कराया गया है। इन मजदूरों को त्रिपुरा और बिहार ले जाया जा रहा था।

****

जमशेदपुर वन विभाग की टीम ने वन्य जीवों के अंगों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का खुलासा किया है। गिरोह के तीन सदस्यों को पलामू जिले से गिरफ्तार किया गया है। जमशेदपुर के डीएफओ सबा आलम अंसारी ने बताया कि गिरोह के पांच सदस्य पहले भी गिरफ्तार किये गये थे। उनकी निशानदेही पर ही पलामू में छापेमारी कर तीन और सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों के पास से कई वन्य जीवों के अंग भी बरामद किये गये हैं।

****

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आज झारखंड समेत देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने सभी नागरिकों को कम से कम एक घंटा खेल को समर्पित करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सरकार खेलों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है और युवाओं की खेलों में भागीदारी और प्रतिभा प्रदर्शन के लिए पूर्ण सहयोग दे रही है।

****

राष्ट्रीय खेल दिवस पर सिमडेगा जिले में 19 वीं मेजर ध्यानचंद सीनियर पुरुष एवं महिला हॉकी चैम्पियनशिप की शुरुआत हुई। प्रतियोगिता का उदघाटन जिले के उपायुक्त अजय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने संयुक्त रुप से किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 10 सितंबर को खेला जायेगा। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि खेलो इंडिया अभियान से खेल गतिविधियों में तेजी आयी है।

***********समाप्त***********